卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 208 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦5 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## डेढ़ करोड़ के हाथी दांत सहित दो तस्कर दबोचे

### एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई,बरामद हुआ करीब आठ किलो का हाथी दांत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने वन्यजीव अंगों की तस्करी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को दबोचा है। एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट और वन विभाग की संयुक्त टीम ने शक्तिफार्म क्षेत्र के अंतर्गत बराकोली रेंज, कल्याणपुर (सितारगंज) से करीब 7 किलो 820 ग्राम वजनी असली हाथी दांत बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस दुर्लभ हाथी दांत की कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ को लंबे समय से सितारगंज और शक्तिफार्म के सीमावर्ती क्षेत्रों में



वन्यजीव अंगों की अवैध खरीद-फरोख्त की गोपनीय सूचना मिल रही थी। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस एसएसपी के निर्देशन में कुमाऊं यूनिट ने स्थानीय स्तर पर अपना नेटवर्क सक्रिय किया। सोमवार देर रात मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि दो तस्कर हाथी दांत की बड़ी खेप के साथ किसी पार्टी का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही एसटीएफ और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने संदिग्ध हालत में घूम रहे दो युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली, तो उनके पास मौजूद बैग से एक विशालकाय हाथी दांत बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मृत्युंजय हालदार (32 वर्ष) पुत्र स्व. मनोरंजन हालदार और माणिक मंडल (35 वर्ष) पुत्र स्व. सुधीर मंडल के रूप में हुई है। दोनों आरोपी शक्तिफार्म क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी लंबे समय से इस अवैध कारोबार (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाकियू नेता के बेटे की दुकान पर दबंगों का तांडव

रुड़की (उद संवाददाता)। हरिद्वार जिले के रुड़की में लगातार दूसरे दिन फायरिंग की घटना से शहर में अफरा-तफरी मच गई। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर चुंगी स्थित नवीन मंडी मार्केट में दबंगों ने भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के नेता मोहम्मद तालिब के बेटे के साथ मारपीट करने के बाद ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार, नवीन मंडी मार्केट में भाकियू नेता के बेटे की बिजलीकी दुकान है। सोमवार देर शाम दुकान पर किसी बात को लेकर कुछ लोगों से मामूली विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी और दुकान के अंदर जमकर तोड़फोड़ की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मारपीट के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)



## फैक्ट्री में हादसा,श्रमिक की आंख में गिरा एसिड

### ईलाज में लापरवाही पर श्रमिकों ने काटा हंगामा

रुद्रपुर। भूरारानी रोड स्थित पायलट कंपनी में सोमवार देर रात एक गंभीर औद्योगिक हादसा हो गया। नाइट



शिफ्ट में काम कर रहे एक श्रमिक की आंख में तेजाब चला गया, जिससे उसकी आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में बैटरी



निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली चली गई और तेज हवा के दबाव के साथ एसिड उछलकर एक श्रमिक की आंख में जा घुसा। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी आंख बाहर तक उभर आई।(शेष पृष्ठ सात पर)

## बीएससी की छात्रा का फंदे से लटका मिला शव

### स्टाफ हाउस क्षेत्र में घटना से सनसनी,पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

नैनीताल (उद संवाददाता)। शहर के स्टाफ हाउस क्षेत्र में एक बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। लगभग 20 वर्षीय छात्रा का शव कमरे के भीतर फंदे से लटका मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में शोक का माहौल छा गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह छात्रा ने काफी देर तक अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला, जिससे आसपास के लोगों और पड़ोसियों को चिंता हुई। कई बार आवाज



लगाने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो पड़ोसियों ने दरवाजा खोलकर अंदर देखा। कमरे के भीतर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए, जहां छात्रा का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते (शेष पृष्ठ सात पर)

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर ,अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को व्यापक अभियान चलाया। रामनगर काशीपुर मार्ग के भवानीगंज क्षेत्र में पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कई अतिक्रमणों को ध्वस्त किया, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों और नगर पालिका टीम के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई लगातार



जारी रही। मौके पर एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, सीओ सुमित पांडे और ईओ आलोक उनियाल स्वयं मौजूद रहकर अभियान का नेतृत्व करते नजर आए। ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि अभियान की शुरुआत रामनगर काशीपुर रोड के भवानीगंज क्षेत्र से की गई, जहां नाले के ऊपर पक्की स्लैब और टीन शेड डालकर किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने के चलते नालों की सफाई आवश्यक है, लेकिन अतिक्रमण के कारण सफाई कार्य में कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि नाले के ऊपर किए गए अवैध निर्माण के चलते जल निकासी बाधित हो रही थी,जिससे बारिश के दौरान पानी सड़कों पर भर जाता था और आम लोगों को परेशानी उठानी (शेष पृष्ठ सात पर)

## हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को किया तलब

रुद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक अहम मामले में सख्त रुख अपनाते



हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। यह मामला रिट याचिका संख्या 176 (PIL) 2024, मोहम्मद यासीन बनाम राज्य एवं अन्य तथा रिट याचिका संख्या 20 (M/B) 2025, नईमुलहसन खान बनाम राज्य एवं अन्य से संबंधित है। जिला प्रशासन को भेजे गए आधिकारिक पत्र के अनुसार, सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा इस मामले से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। साथ ही अदालत में एक वीडियो भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें शुक्ला उक्त विषय पर भाषण देते दिखाई दे रहे हैं। अधिवक्ता का कहना है कि ये दोनों कृत्य(शेष पृष्ठ सात पर)

# अब 'आत्मनिर्भर' बनेगी उत्तराखंड की 'मित्र पुलिस'

### पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए उत्तराखंड पुलिस को अब नहीं काटने पड़ेंगे दिल्ली, चंडीगढ़, और हैदराबाद के चक्कर

-अर्श-

देहरादून। किसी संगीन अपराध की पेचीदा गुत्थी को पॉलीग्राफ टेस्ट के माध्यम से सुलझाने के लिए उत्तराखंड पुलिस को अब दिल्ली, चंडीगढ़ और हैदराबाद जैसे शहरों की फॉरेंसिक लैब पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा ,क्योंकि राज्य सरकार ने अब उत्तराखंड की मित्र पुलिस को आत्मनिर्भर बनाने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। ज्ञात हो कि सूबे के पुलिस तंत्र में अब तक पॉलीग्राफ टेस्ट एवं नारको टेस्ट करने की व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते उपरोक्त टेस्ट करने के लिए उत्तराखंड पुलिस को काफी भाग दौड़ करनी पड़ती है और इसमें समय भी काफी बर्बाद होता है। लिहाजा, पुलिस मुख्यालय द्वारा उत्तराखंड में ही पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट की व्यवस्था किए जाने के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया था। खबर है कि शासन द्वारा पॉलीग्राफ टेस्ट की व्यवस्था को हरी झंडी दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट की व्यवस्था न होने के कारण पुलिस महकमा को पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट के लिए दिल्ली, चंडीगढ़, हैदराबाद आदि जगहों




की फॉरेंसिक लैब पर आश्रित रहना पड़ता है। दरअसल, किसी जटिल अपराध की विवेचना के समय अगर पुलिस को लगता है कि आरोपी झूठ बोल रहा है, तो आरोपी से सच उगलवाने के लिए पुलिस आमतौर पर दो तरीकों का इस्तेमाल करती है,पहला- पॉलीग्राफ टेस्ट और दूसरा- नार्को टेस्ट । पॉलीग्राफ टेस्ट में एक मशीन उपयोग में लाई जाती है। इस टेस्ट के समय आरोपी के शरीर के विभिन्न हिस्सों पर सेंसर लगाकर उसके हाव भाव देखे जाते हैं। विशेषतौर पर रक्तचाप, पसीना, दिल की धड़कन आदि देखा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार झूठ और सच बोलने की सूरत में उपरोक्त सभी गतिविधियां अलग-अलग होती हैं। पॉलीग्राफ टेस्ट के द्वारा इन्हीं गतिविधियों का डाटा तैयार कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाती है। यद्यपि, न्यायालय इस टेस्ट को बहुत ज्यादा विश्वसनीय नहीं मानते , फिर भी पुलिस किसी नतीजे पर पहुंचने के लिए इसे सहायक जांच के तौर पर प्रयोग करती है ।वहीं, नार्को टेस्ट में आरोपी के शरीर में एक दवा इंजेक्ट कर अर्द्धबेहोशी की हालत में आरोपी से सवाल किए जाते हैं। उस वक्त उसकी सोचने समझने की शक्ति खो जाती है और माना जाता है कि वह इस दशा में सच बोल रहा (शेष पृष्ठ सात पर)

# घोषणाएं पूर्ण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सीएम

## विभागों के बीच समन्वय की कमी पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आयोजित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों के बिना तैयारी के उपस्थित होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और इस प्रकार की बैठकों में बिना पूरी तैयारी के आना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सभी अधिकारी पूर्ण तैयारी और तथ्यात्मक जानकारी के साथ ही बैठक में उपस्थित हों। मुख्यमंत्री ने विभागों एवं अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय और संवाद की कमी पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विभागीय तालमेल के अभाव के कारण विकास कार्य अनावश्यक रूप से लंबित हो रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों की घोषणाओं की एक बार पुन: गहन समीक्षा करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय हैं और जनता से किए गए वादों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किस विभाग में कितने प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कितनी लंबित हैं, इसकी विस्तृत रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी लंबित घोषणाओं के संबंध में 15 जून तक शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन कार्यों के शासनादेश जारी हो चुके हैं, उन पर तत्काल कार्य प्रारंभ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की कि कई स्थानों पर घोषणाओं के अनुरूप कार्य प्रारंभ होने के बावजूद शिलापट्ट नहीं लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्यस्थलों पर शिलापट्ट लगाना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा संबंधित जिलाधिकारी इसकी जिम्मेदारी तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि जो विषय जिला स्तर पर हल हो सकते हैं, उन्हें अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर लंबित रखना उचित नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस स्तर पर कार्य लंबित है, उसी स्तर पर उसका तत्काल समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले सभी लंबित घोषणाओं की पुन: समीक्षा बैठक



आयोजित की जाए और प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की जाए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा जनपद के विधानसभा क्षेत्र सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर एवं जागेश्वर से संबंधित विभिन्न विकास घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से किए गए सभी वादों और घोषणाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर धरातल पर उतारा जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिन घोषणाओं पर शासनादेश जारी हो चुके हैं, उनके कार्यों में तेजी लाई जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर की कुल 90 घोषणाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इनमें बड़ी संख्या में घोषणाओं पर शासनादेश जारी किए जा चुके हैं तथा अनेक कार्यों पर तेजी से कार्यवाही चल रही है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पेयजल, सिंचाई, चिकित्सा-स्वास्थ्य, विद्यालयी शिक्षा, ऊर्जा, कृषि एवं कृषक कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों में शीघ्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। विधानसभा क्षेत्र सल्ट की कुल 69 घोषणाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अनेक घोषणाओं पर शासनादेश जारी कर कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने धर्मस्व, ग्राम्य विकास, चिकित्सा-स्वास्थ्य, पर्यटन, लोक निर्माण, शिक्षा एवं शहरी विकास से जुड़े लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधानसभा क्षेत्र रानीखेत की कुल 33 घोषणाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पर्यटन, सिंचाई, स्वास्थ्य, खेल और आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाएं स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपूर्ण एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। वहीं विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर की कुल 48 घोषणाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यटन, पेयजल, युवा कल्याण, शिक्षा, संस्कृति, आवास और धार्मिक महत्व की योजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जागेश्वर क्षेत्र धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए यहां की विकास परियोजनाओं में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ प्रदेश के अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा का उद्देश्य यही है कि आम जनता को समय पर योजनाओं का लाभ मिले और उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित करे। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, विधायक सल्ट, रानीखेत एवं जागेश्वर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु सहित सभी संबंधित विभागों के सचिव तथा संबंधित जिलों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगाल चुनाव नतीजों पर जताया हर्ष

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरप्रदेश उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ ने बंगाल में ममता बनर्जी की शिकस्त को आपरेशन सिंदूर 2 बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। संघ की ओर से जारी बयान में एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने कहा कि बंगाल तथा असम विधानसभा चुनाव के नतीजे पिछले 15 साल के जुल्मों का करारा जवाब हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत उन शहीद भाजपा कार्यकर्ताओं को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने ममता के जुल्मी शासन के खिलाफ लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जुल्म को कभी न कभी हारना ही पड़ता है। एडवोकेट सुभाषचंद्र छाबड़ा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने फिर सिद्ध किया है कि भारत के लोकतंत्र में उन जैसा कोई नेता नहीं है जो वोट के लिए देशविरोधी तत्वों से कभी समझौता नहीं करते। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि बंगाल में जो गुंडागर्दी और निर्मम हत्याओं का दौर था वह अब कभी नहीं लौटेगा। लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट हरिश्चंद्र पंत ने कहा कि बंगाल में भगवान शिव के दिन आशाओं और विश्वास का कमल खिला है जिसे अब कभी मुरझाने नहीं देना है और तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए दफन करना है। उधर जिले भर के अधिवक्ताओं ने इन चुनाव परिणामों को लोकतंत्र की विजय बताया है। पूर्व डीजीसी दीवानी नंदकिशोर बिरमानी ने कहा कि आज बंगाल में लोकतंत्र फिर जीवित हो गया है और अब राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं नहीं होंगी। इस अवसर पर भारी संख्या में अधिवक्ता और संघ के सदस्य उपस्थित रहे जिन्होंने एक दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी साझा की।

# फलों और सब्जियों में मिलावट रोकने को चला अभियान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आयुक्त खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड सचिन कुर्वे के निर्देशों के अनुपालन में जनपद ऊधम सिंह नगर में फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों तथा कृत्रिम पकाने वाले रसायनों के प्रयोग की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। चार मई 2026 को सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी ललित मोहन पाण्डे के नेतृत्व में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम विनियम 2011 के अंतर्गत सर्विलांस नमूना संग्रहण की कार्यवाही की गई। अभियान के तहत रुद्रपुर शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से आम, सेब, अमरूद और गाजर के कुल पांच सर्विलांस नमूने लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। विभाग की टीम द्वारा अब तक जनपद से कुल उन्नीस नमूने लिए जा



चुके हैं, जिनमें तेरह फलों और छह सब्जियों के नमूने शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान फल एवं सब्जी आढ़तियों को सख्त निर्देश दिए गए कि फलों को पकाने में किसी भी प्रकार के कृत्रिम रसायनों का प्रयोग न करें और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल न किया जाए। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि केवल खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत एथिलीन रिपनर का ही उपयोग करें और किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग न करें। विभाग ने आमजन से अपील की है कि बाजार में पहले से कटे हुए फल और सब्जियां न खरीदें, क्योंकि उनके दूषित होने की संभावना रहती है। साथ ही घर पर लाए गए फलों और सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही उपयोग में लाने की सलाह दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार के रसायन या रंग के अवशेष हटाए जा सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दिए गए निर्देशों का पालन न करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान दल में सहायक आयुक्त एवं अभिहित अधिकारी ललित मोहन पाण्डे, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा साह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। यह विशेष अभियान जनहित में आगे भी जारी रहेगा।

# जनसंवाद में उठीं जलभराव और सड़क की समस्याएं

## लेफ्ट नहर कवरिंग से जल निकासी प्रभावित होने पर लोगों ने जताई नाराजगी

किच्छा (उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने लेफ्ट नहर कवरिंग के कारण उत्पन्न जलभराव की गंभीर समस्या विधायक तिलक राज बेहड़ के समक्ष प्रमुखता से उठाई। नहर किनारे बसे लोगों ने बताया कि कवरिंग के बाद उनके क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, जिससे बरसात के समय घरों के बाहर दूषित पानी जमा हो जाता है और सैकड़ों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार नगर पालिका को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए, नालों की सफाई कर आवश्यक निर्माण कार्यों के माध्यम से स्थायी समाधान किया जाए।विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि उनके द्वारा भी इस विषय में



कई बार नगर पालिका को अवगत कराया गया है और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने और शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा में निस्वार्थ चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर राजेंद्र सिंह कामरा को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही योगा टीम को मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की गई। इस दौरान राजकुमार तनेजा, रिंकू मल्होत्रा, गुलशन सिंधी, दर्शन कोली, संजीव चौधरी, गुरचरण सिंह, हरभजन सिंह, दानिश मलिक, गौरव चावला, नितिन शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।जनसंवाद के दौरान वार्ड संख्या तेरह से संजीव मलिक, रफत सादात खान, इसरार, जैद अली ने साइन मंजिल से ईदगाह तक लगभग एक सौ पचास मीटर सड़क निर्माण की मांग रखी और बताया कि सड़क की स्थिति बेहद खराब है, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है। वहीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चीमा फार्म से छठ पूजा मंदिर तक सड़क निर्माण की मांग अजय गंगवार, नीरज, गौरव राणा, सुरेंद्र राणा, दर्शन राणा, कमलेश सिंह, मुकेश गोपाल सहित अन्य क्षेत्रवासियों ने उठाई।गंगोत्री विहार लालपुर के निवासियों ने मंदिर के शिखर निर्माण की मांग की, जबकि डायनेमिक सिटी कॉलोनी के लोगों ने कॉलोनी की सड़कों के निर्माण और मंदिर परिसर स्थित पार्क में शौचालय निर्माण कराने की मांग रखी। राम ग्रीन कॉलोनी लालपुर के निवासियों ने भी अपनी विभिन्न मूलभूत समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।विधायक तिलक राज बेहड़ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने और शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# नवीन विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह

नानकमत्ता (ऊधम सिंह नगर)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के स्वागत एवं सम्मान हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय परिवार से परिचित कराया गया।मुख्य अतिथि भास्कर संभल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नए विद्यालय में प्रवेश जीवन का महत्वपूर्ण चरण होता है। उन्होंने सभी भैया-बहनों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने और अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र जोशी ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय की परंपराओं, अनुशासन और शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम का सफल संचालन पान सिंह बिष्ट द्वारा किया गया।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# कुंभ मेला-2027 को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: कौड़ा

हरिद्वार (उद संवाददाता)। हरिद्वार में अगले वर्ष कुंभ मेला का दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप कुंभ नगरी में तैयारियों को और तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को हरिद्वार पहुंचकर मेला नियंत्रण भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा कुंभ मेला से जुड़े विकास एवं व्यवस्थागत कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक के दौरान मंत्री ने कुंभ मेला हेतु प्रस्तावित अवस्थापना विकास कार्यों, निर्माणाधीन परियोजनाओं, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, घाटों के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा से संबंधित तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। श्री कैड़ा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ मेला-2027 राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इससे जुड़े प्रत्येक कार्य को तय समयसीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कहीं गुणवत्ता में कमी अथवा अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार हरिद्वार कुंभ को एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिसे देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्री कैड़ा ने कहा कि कुंभ मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और व्यवस्थागत क्षमता का भी प्रतीक है। इसलिए मेला से जुड़े निर्माण कार्यों और सुविधाओं की गुणवत्ता ऐसी होनी चाहिए, जिनका लाभ भविष्य में स्थानीय जनता और हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं को निरंतर मिलता रहे। उन्होंने अधिकारियों को दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए कार्यों की गति बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि सभी विभाग मौसम संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर कार्ययोजना तैयार करें और निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की देरी न होने दें। उन्होंने कहा कि कुंभ से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा वे स्वयं नियमित रूप से कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे और मुख्यमंत्री स्तर से समय-समय पर समीक्षा भी की जाएगी। शहरी विकास मंत्री ने विशेष रूप से पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन, शौचालयों की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा घाटों पर सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में सीसीआर-2 भवन के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण सहित सड़क, पुल एवं घाटों से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण स्थलों पर पर्याप्त संसाधन, मशीनरी एवं आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य निर्धारित समय के भीतर पूरे किए जा सकें। बैठक में मेलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की जानकारी देने के साथ ही कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए कार्यों की निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है। बैठक में मुख्य नगर अधिकारी नंदन कुमार, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, उप मेला अधिकारी आकाश जोशी, मनजीत सिंह, अधीक्षण अभियंता लोनिवि डीपी सिंह, एसई जल संस्थान यशबीर मल्ल, एसई सिंचाई मनजीत कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। हरिद्वार भ्रमण के दौरान शहरी विकास मंत्री ने बैरागी कैंप में निर्माणाधीन नलकूपों एवं ओवरहेड टैंक का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इन सभी कार्यों को आगामी 31 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।





## शहीदी दिवस पर राईफल मैन राम कुमार आर्या को किया नमन

रुद्रपुर। असम राइफल पूर्वसैनिक कल्याण संघ अखिल भारतीय द्वारा आदर्श कॉलोनी स्थित शहीद राम कुमार आर्या पार्क में शहीद राइफलमैन राम कुमार आर्या की पुण्यतिथि पर शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित अनेक लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए पूर्व सैनिक और संगठन के पदाधिकारी भी विशेष रूप से शामिल हुए। केरल से असम राइफल पूर्वसैनिक कल्याण संघ के संस्थापक महासचिव वी टी नायर, संगठन के कोषाध्यक्ष वी ए वेनुगोपालन, केरल राज्य के पदाधिकारी, राजस्थान से वी जे थामस तथा हरियाणा से एस के दहिया की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक तिलकराज बेहड़ ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा और उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं राजकुमार ठुकराल ने भी शहीद की वीरता और समर्पण को याद करते हुए कहा कि ऐसे वीर जवानों की बदौलत ही देश सुरक्षित है और हमें उनके परिवारों के प्रति भी सम्मान और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। संगठन के पदाधिकारियों ने शहीद राम कुमार आर्या के जीवन और वीरता का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने 2 मई 1989 को असम राइफल में भर्ती होकर देश सेवा का मार्ग चुना। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद मार्च 1990 में वे अपनी यूनिट 7 असम राइफल के साथ जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात हुए। 5 मई 1991 को ऑपरेशन रक्षक के अंतर्गत चलाए गए काउंटर इंसर्जेंसी अभियान के दौरान उन्होंने असाधारण साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। इस अभियान में एक छोटी टुकड़ी ने 72 पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया और 13 आतंकियों को जीवित पकड़ा। इस वीरता के दौरान राम कुमार आर्या ने सर्वोच्च बलिदान दिया और देश के लिए शहीद हो गए। कार्यक्रम में शहीद की पत्नी हेमलता देवी ने भी उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी, पार्षद जितेश शर्मा, पार्षद गौरव खुराना, प्रकाश शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हाल्दार, कमांडर नयन सिंह रावत, सूबेदार मेजर खड़ग सिंह कार्की, आर के यादव, बद्री सिंह, प्रेम सिंह, एस के दहिया, वीनू नैयर, आर के राघी, तुलसी नैयर, आधा कृष्णन, एनएस बिष्ट, एस एम रमेश राम, चंदन राम, वकास बंसल, ललित बिष्ट, आनंद शर्मा, प्रकाश दास, सुरेंद्र गुप्ता, सुनील, ज्योति टम्टा, उमा सरकार, मनोज आर्या सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## लापरवाही पर ओखलकांडा खंड विकास अधिकारी हटाए गए

नैनीताल (उद संवाददाता)।जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु विकासखंड ओखलकांडा के खंड विकास अधिकारी देशराज के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। विभागीय कार्यों में लापरवाही और उदासीनता का प्रकरण संज्ञान में आने के उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे को जांच के निर्देश दिए थे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराई गई विस्तृत जांच में खंड विकास अधिकारी पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए गए। शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता पाए जाने के फलस्वरूप मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार ओखलकांडा के खंड विकास अधिकारी पद पर कार्यरत देशराज को तत्काल प्रभाव से पद से हटाते हुए सहायक खंड विकास अधिकारी (।ठक्०) के पद पर स्थानांतरित कर विकासखंड रामनगर में संबद्ध किया गया है। साथ ही प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु सहायक खंड विकास अधिकारी रामनगर कुंवर सिंह सामंत को तत्काल प्रभाव से विकासखंड ओखलकांडा में संबद्ध करते हुए प्रभारी खंड विकास अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी स्तर पर शासकीय कार्यों में लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यवाही के बाद से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

## ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

गदरपुर। पश्चिम बंगाल समेत तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर विकास खण्ड गदरपुर में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर के नेतृत्व में सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत की खुशी



सांझा की। कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र उत्साह से भर उठा। कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पक्ष में नारेबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया। ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों और जनहित की नीतियों पर जनता की मोहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह प्रचंड जीत देश में सुशासन और विकास की निरंतरता का संकेत है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की भागीदारी ने इसे एक यादगार उत्सव बना दिया।

## महिला कांग्रेस ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैनर तले नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को गदरपुर में पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शिल्पी अरोड़ा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पोस्टकार्ड लिखकर अधिनियम को तत्काल लागू करने की मांग उठाई।कार्यक्रम की शुरुआत शिल्पी अरोड़ा के कार्यालय से हुई, जहां से जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, काशीपुर महानगर अध्यक्ष अल्का पाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस के रूप में पोस्ट ऑफिस पहुंचे। वहां से सभी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लागू करो आज करो अभी करो के संदेश के साथ पोस्टकार्ड प्रेषित किए।इस अवसर पर शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि संसद से पारित होने के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 अभी तक लागू नहीं किया गया है, जबकि यह कानून लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के लिए इसे शीघ्र लागू किया जाना आवश्यक है और इसी मांग को लेकर कांग्रेस देशभर में अभियान चला रही है।जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के अधिकारों को लेकर केवल घोषणाएं करती है, लेकिन उन्हें धरातल पर लागू नहीं किया जाता। नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने कहा कि आधी आबादी को उनका अधिकार देने में देरी उचित नहीं है। वहीं अल्का पाल ने कहा कि जब तक यह कानून लागू नहीं होता, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, पूर्व नगर अध्यक्ष विजय भुड्डी, रामविलास, सभासद विनीता चौधरी, सभासद मुकेश चावला, सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा, बिल्लन चौधरी, शाकिर अली, अक्षय बाबा, शिवम पुजारा, अनुज कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में अधिनियम को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई।



## संदिग्ध पशु के अवशेष मिलने से हड़कंप

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्राम धीमरखेड़ा में निर्माणाधीन मकान से संदिग्ध पशु अवशेष मिलने की आशंका के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और पशु चिकित्सक की टीम मौके पर पहुंची और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी।मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सालय के डॉक्टर रवि ने बताया कि संदिग्ध अवशेषों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बरामद मांस किस पशु का है।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में रोष का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यह प्रतिबंधित मांस का मामला हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर अवशेष मिलने की सूचना है, उसके समीप ही प्रसिद्ध बाल सुंदरी मंदिर स्थित है, ऐसे में इस प्रकार की गतिविधियां धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकती हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की भी मांग उठाई है।फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



## तहसील दिवस में सुनी जन समस्याएं

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा तहसील प्रांगण में माह के प्रथम शतहसील दिवसश का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों फरियादियों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।तहसील दिवस में मुख्य रूप से बिजली, पानी, स्थाई निवास प्रमाण पत्र और राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं की भरमार रही। मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने कई मामलों का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को आयोजित होने वाले तहसील दिवस में सभी विभागों के अधिकारी एक साथ उपस्थित रहते हैं, इसलिए आम जनमानस को अपनी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु इस मंच का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं जैसे राशन कार्ड, आय, जाति एवं जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जागरूक करें। तहसीलदार ने कहा कि जागरूक समाज ही सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ उठा सकता है। तहसील दिवस के दौरान रजिस्ट्रार कानूनगो मुकेश रावत, दीपक सिंह, संजय कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री किरण, पशुधन प्रसार अधिकारी राजेश सिंह, डॉ. पी.डी. तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गायन प्रतियोगिता के ऑडिशन में बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

## 110 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा, तीन वर्गों से 30 का सेमीफाइनल के लिए चयन








रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता के ऑडिशन में शहर और आसपास के विभिन्न विद्यालयों से आए 110 बच्चों ने भाग लेकर अपनी मधुर आवाज से सभी का मन मोह लिया। होटल अंबर में आयोजित इस ऑडिशन में प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम का वातावरण संगीत से सराबोर हो गया। ऑडिशन के बाद तीनों वर्गों से कुल 30 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमेनिटी स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष अरोरा, विशिष्ट अतिथि शील चन्द्र ग्रुप के प्रबंध निदेशक शुभल गोयल, वरिष्ठ उद्योगपति अशोक अदलखा और लोक रचना समिति के संयोजक केवल कृष्ण बतरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष अरोरा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लोक रचना समिति कई वर्षों से इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से निकली कई प्रतिभाएं इंडियन आइडल जैसे राष्ट्रीय स्तर के मंचों तक पहुंचकर अपनी पहचान बना चुकी हैं और यह शहर के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर, जूनियर और सब जूनियर तीन वर्गों में किया गया। विख्यात गायिका स्वर्गीय आशा भोसले को समर्पित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने च्वाइस राउंड में वाद्य यंत्रों के साथ शानदार प्रस्तुतियां देकर निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। ऑडिशन की निर्णायक सुजाता नारंग और शैली बंसल ने प्रतिभागियों की आवाज, सुर और प्रस्तुति के आधार पर सेमीफाइनल के लिए चयन किया। सीनियर वर्ग से डीपीएस स्कूल की वृंदा, गुरमान सिंह, आरएएन स्कूल के वियान फुटेला, स्टोन रिज स्कूल की इशिका, जेपीएस स्कूल के ध्रुव और साई जोशी, एमेनिटी स्कूल की परिधि और अदिति, हरदेव म्यूजिक एकेडमी के जय तथा श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज की पीहू को सेमीफाइनल के लिए चुना गया। जूनियर वर्ग से आरएएन स्कूल की मिष्ठी, वंशिका जोशी, स्टोन रिज स्कूल की प्रत्याक्षा टम्टा, डीपीएस के आस्तिक नरूला, जेपीएस स्कूल के आयुष्मान चौबे, आराध्या सक्सेना, दिव्यांशी शाह, रेनबो स्कूल के निखिल और गुरुनानक स्कूल की अदिति का चयन हुआ। इसी तरह सब जूनियर वर्ग में आरएएन स्कूल के माधव और आरव नेगी, नाद योग संगीत कला केंद्र के आहन पांडे, डीपीएस स्कूल के अक्षत अग्रवाल, मान्या, शिवांशी, एमेनिटी स्कूल की आनवी जखमोला, शौर्य शर्मा, जेपीएस स्कूल के उद्यान और नैन्सी को सेमीफाइनल के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संयोजक केवल कृष्ण बतरा और समिति के अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। केवल कृष्ण बतरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 18 मई को रुद्रा होटल में आयोजित किया जाएगा। फाइनल में प्रत्येक वर्ग से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। ऑडिशन का संचालन मोहित बतरा और भविष्य धींगरा ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा, कोलंबस स्कूल के प्रबंधक मनोज खेड़ा, होटल अंबर के प्रबंधक लक्ष्य अरोड़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, पूर्व युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कामरा, महामंत्री पवन गाव पल्ली, चेतन बत्रा, रुद्रपुर सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष अमित बंगा, सिद्धार्थ सरदाना, निशांत भसीन, हरजीत ग्रोवर, शैली फुटेला, विनोद फुटेला, अर्वंतिका सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# जनपद में नौ मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 09 मई 2026 द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ममता पंत ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद में 09 मई को प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक रूद्रपुर स्थित जिला न्यायालय सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।सचिव ममता पंत ने बताया कि इस लोक अदालत में प्री लिटीगेशन के वादों का निस्तारण किया जाएगा जिनमें भरण पोषण, धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले और धारा 138 एनआई एक्ट के मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृति के आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक मामले तलाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण, भुगतान व भत्तों से सम्बन्धित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लंबित राजस्व वाद, मोटर वाहन अधिनियम के चालान और सिविल मामले जैसे किरायेदारी व व्यादेश का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपने वादों को लोक अदालत में निस्तारित करवाना चाहते हैं वे सम्बन्धित न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर अपने वादों को नियत करवा सकते हैं।उन्होंने यह भी बताया कि अधिक जानकारी के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 या एडीआर केंद्र रूद्रपुर के नंबर 9411531449 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही ममता पंत ने जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 21 से 23 अगस्त 2026 को समाधान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए एक गूगल फार्म जनरेट किया गया है जिस पर कोई भी व्यक्ति जिनका सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है वे 31 मई 2026 तक आवेदन कर मामले का निस्तारण करवा सकते हैं। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण से समय और धन दोनों की बचत होती है और आपसी विवाद भी हमेशा के लिए समाप्त हो जाते हैं।




# भाजपा की जीत जनविश्वास और विकास की राजनीति की जीत: भट्ट

हल्द्वानी/नैनीताल। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल–उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत, असम में जनता द्वारा पुन: भाजपा पर विश्वास जताने तथा पांडिचेरी में मिले जनसमर्थन पर देशवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि जनविश्वास और विकास की राजनीति की विजय है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और देश प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की संगठनात्मक रणनीति के चलते भारत विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" ही नए भारत की पहचान बन चुका है और इसी मूल मंत्र के साथ देश आगे बढ़ रहा है।



# फ्रांस से लौटे छात्रों ने कुलपति के समक्ष रखी रिपोर्ट

पंतनगर (उद संवाददाता)। डिएफिया के 20 छात्र छात्राओं जिन्होंने हाल ही में फ्रांस में अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप पूर्ण की उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसके कश्यप के समक्ष अपने अनुभवों और सीख को विस्तार से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने फ्रांस में प्राप्त उन्नत कृषि तकनीकों खाद्य प्रसंस्करण अनुसंधान पद्धतियों तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय अनुभव से उन्हें आधुनिक कृषि प्रणालियों नवाचारों और वैश्विक मानकों को समझने का अवसर मिला है। कुलपति प्रोफेसर एसके कश्यप ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। अंतरराष्ट्रीय कार्य निदेशक डा शिवा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है ताकि अधिक से अधिक छात्रों को वैश्विक एक्सपोजर मिल सके और वे नई तकनीकों एवं शोध पद्धतियों से लाभान्वित हो सकें। अधिष्ठाता एवं निदेशकों ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले सभी 20 छात्र छात्राओं सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# रूस के शैक्षणिक भ्रमण से लौटे पंतनगर विवि के छात्र

पंतनगर (उद संवाददाता)।गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के 8 छात्र छात्राओं एवं 2 प्राध्यापकों ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग एवं मॉस्को का शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक भ्रमण किया। यह यात्रा विश्वविद्यालय एवं सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित की गई। प्रतिनिधिमंडल में नंदानी वर्मा, अद्रिजा रावत, शुभी शरण, जागृति, निकिता पांडेय, इशिता सती, श्रद्धा स्नेह एवं रित्विक नंद शामिल रहे। इनके साथ प्राध्यापक डा शिव प्रसाद प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष गायनेकोलॉजी एवं ऑब्स्टेट्रिक्स एवं डा अरूप कुमार दास प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष सर्जरी एवं रेडियोलॉजी भी उपस्थित रहे।शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मॉस्को की विभिन्न प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं का दौरा किया जहां उन्होंने आधुनिक तकनीकों उन्नत अनुसंधान सुविधाओं एवं वैज्ञानिक अवसंरचनाओं का अवलोकन किया। विशेष रूप से छात्रों ने इन विट्रो फर्टिलाइजेशन तकनीक के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की जो पशु प्रजनन विज्ञान के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। साथ ही उन्होंने अत्याधुनिक उपकरणों अनुसंधान प्रक्रियाओं एवं नवाचारों को समझते हुए विशेषज्ञों के साथ संवाद कर अपने ज्ञान को समृद्ध किया।प्रतिनिधिमंडल ने मॉस्को के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया जिससे उन्हें रूस की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं इतिहास को समझने का अवसर मिला। यह यात्रा छात्रों के लिए न केवल शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी रही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने एवं कार्य करने के लिए प्रेरणादायक भी सिद्ध हुई। विश्वविद्यालय लौटने पर सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने इस पहल की सराहना करते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया।



# तीन राज्यों में जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

## कार्यकर्ताओं संग विधायक ने बांटी मिठाई और झालमुड़ी,आतिशबाजी भी हुई

रुद्रपुर। पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में असम, पुडुचेरी और बहुचर्चित पश्चिम बंगाल में भाजपा और एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के बाद रुद्रपुर में भी जश्न का माहौल देखने को मिला। विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर मिष्ठान वितरण किया गया और जमकर आतिशबाजी के साथ ढोल नगाड़ों पर नृत्य कर जीत का उत्सव मनाया गया।इस मौके पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि असम, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की यह जीत देश की जनता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह विजय उन विपक्षी दलों के लिए करारा जवाब है जो तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के संदर्भ में कहा कि वहां लंबे समय से चली आ रही अराजकता और गुंडाराज का अंत हुआ है और यह जीत लाखों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।विधायक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के विजन और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत से यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले जिस प्रकार की हिंसक घटनाएं और असुरक्षा का माहौल बना रहता था, अब उस पर अंकुश लगेगा और प्रदेश में शांति व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह जीत कई मायनों में विशेष है, असम में तीसरी बार सरकार बनना और पुडुचेरी में गठबंधन की पुन: जीत संगठन की मजबूती को दर्शाती है, वहीं पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जो कार्य कर्ताओं के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों के अनुरूप पश्चिम बंगाल के निर्माण का कार्य अब आगे बढ़ेगा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर वहां भी गुंडाराज का अंत कर आम नागरिक को सुरक्षित और शांतिपूर्ण जीवन दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि तीनों राज्यों की जीत से रुद्रपुर के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और आने वाले उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार जीत हासिल करेगी तथा रुद्रपुर विधानसभा में भी ऐतिहासिक विजय प्राप्त होगी।पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान चर्चा में आई झालमुड़ी का स्वाद भी इस जश्न में देखने को मिला। विधायक शिव अरोरा ने कार्यकर्ताओं के साथ झालमुड़ी खाकर खुशी का इजहार किया और सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान कार्यालय पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही और पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, शालनीं बोरा, रश्मि रस्तोगी, उपेंद्र चौधरी, प्रीत ग्रोवर, जगदीश विश्वास, धीरेश गुप्ता, राजेश बजाज, के के दास, हिमांशु शुक्ला, मीना शर्मा, पुष्पा ग्रोवर, राधेश शर्मा, जीतेन्द्र संधू, गीता भरद्वाज, संदीप राव, गणेश सरकार, सतनाम सिंह, मोर सिंह, दिलीप अधिकारी, संजय हलदार, इंद्रपाल चौधरी, राजीव शुक्ला, आयुष चिलाना, मनमोहन वाधवा, रोबिन विश्वास, शिवकुमार राय, अखिल विश्वास, एसपी यादव, मनोज मदान, रेनू जुनेजा, एमपी मौर्य, वेद ठुकराल, संजय हलदार, विपुल गईन, केपी राठी, सुनील सिंह, विक्की वाल्मीकि, नमन चावला, अरुण दीक्षित, हरीश मित्तल, डी के गंगवार, कैलाश राठौर, राजेश कामरा, नरेश उप्रेती, राज कोली, पियूष भाटिया, विकास सागर, वीरेंद्र तिवारी, दीपक दिवाकर, मयंक कक्कड़, डंपी चोपड़ा, रवि दिवाकर, आदेश भरद्वाज, मनोज कर, भीमसेन गुप्ता, विष्णु सिंह, तोसीन खान, परवेज खान कार्यकर्ता मौजूद रहे।







## जिला कार्यालय में भी मना विजय उत्सव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय रुद्रपुर में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार विजय उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा ढोल नगाड़ों की धुन पर जीत की खुशी साझा की।पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने मिलकर विजय उत्सव मनाया और पारंपरिक



झालमुड़ी का आनंद लेते हुए जीत की खुशी बांटी।कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत गंगोत्री से गंगासागर तक भगवा परचम लहराने का प्रतीक है, जो देशभर में भारतीय जनता पार्टी के बढ़ते जनसमर्थन को दर्शाता है। इस विजय का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व को दिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के अटूट विश्वास को इस जीत का आधार बताया गया। इस दौरान जिला महामंत्री तरुण दत्ता, प्रदेश मंत्री धीरेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, अमित नारंग, परवेज खान, विजय तोमर, अक्षय अरोरा, अक्षय गेहलोत, मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, रचित सिंह, के के त्रिपाठी, मयंक तिवारी, अजय तिवारी, राम पाल सिंह, अनिल चौहान, मीना शर्मा, विपिन सिंह गेहलोत, सुरेश कोहली, उपेंद्र चौधरी, राकेश सिंह, प्रमोद मित्तल, मानिस मित्तल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रवाद और विकास की जीत: विकास शर्मा

रूद्रपुर। पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचण्ड बहुमत पर महापौर विकास शर्मा ने खुशी व्यक्त करते हुए बंगाल की जनता का आभार जताया है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की अटूट रणनीति और भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक



परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बंगाल की महान जनता ने आतंक, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह नकार कर 'सोनार बांग्ला' के संकल्प पर अपनी मुहर लगा दी है। महापौर विकास शर्मा ने जारी बयान में कहा कि बंगाल लंबे समय से अराजकता और राजनीतिक हिंसा के दौर से गुजर रहा था। वहां की मातृशक्ति, युवा और किसान एक ऐसे परिवर्तन की प्रतीक्षा कर रहे थे जो उन्हें भयमुक्त वातावरण और प्रगति की मुख्यधारा से जोड़ सके। आज के परिणाम दर्शाते हैं कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र में अपना पूर्ण विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि अब पश्चिम बंगाल में भी केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा। विकास शर्मा ने आगे कहा कि बंगाल की यह जीत पूरे देश के लिए एक बड़ा संदेश है कि जनता अब केवल विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति को ही प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बंगाल भाजपा के नेतृत्व और उन सभी जांबाज कार्यकर्ताओं को बधाई दी जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों और हिंसा के साये में भी लोकतंत्र की मशाल को जलाए रखा। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा की सरकार में बंगाल फिर से कला, संस्कृति और उद्योग के क्षेत्र में देश का नेतृत्व करेगा।

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

हमारी जनगणना
हमारा विकास

जनगणना 2027 का पहला चरण
मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना

जनगणना: गोपनीयता की गारंटी
आपकी जानकारी, पूरी तरह सुरक्षित

- जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूरी गोपनीयता
- सुरक्षित सर्वर पर एन्क्रिप्टेड डेटा
- रिपोर्ट में सिर्फ कुल आंकड़े प्रकाशित होते हैं
- नाम-पता किसी को नहीं दिया जाता
- टैक्स, पुलिस या जांच में उपयोग नहीं

जनगणना 2027
भरोसा भी, भागीदारी भी
- सही जानकारी दें
- निडर होकर दें
- देश के विकास में साथ दें

निश्चिंत रहें
आपकी जानकारी
- सुरक्षित रहेगी
- गोपनीय रहेगी
- सिर्फ राष्ट्र-निर्माण के काम आयेगी



चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी
करें जनगणना में भागीदारी

टोल फ्री - 1855

CensusIndia2027

CBC 19108/13/0055/2627

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चुनावी उलटफेर

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों के जैसे नतीजे सामने आए हैं, उनसे साफ है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में जहां मतदाताओं ने बदलाव के पक्ष में मतदान किया, वहीं असम और पुडुचेरी में लोगों ने मौजूदा सरकार पर भरोसा कायम रखा। इसमें चौंकाने वाले नतीजे तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से आए, जहां चुनाव प्रचार के क्रम में बहुस्तरीय उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों के लिए यह अंदाजा लगा पाना मुश्किल था कि सत्ताधारी पार्टियों का प्रदर्शन बेहद कमजोर हो सकता है। इन राज्यों में इतने बड़े उलटफेर की उम्मीद कम ही लोगों ने की थी।दरअसल, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार के प्रति दिखने वाला जनसमर्थन चुनाव और मतदान के मोर्चे पर उलट नतीजे देने वाला साबित हुआ। हालांकि राज्य में भाजपा ने जीत के लिए जिस स्तर पर जाकर मेहनत की, मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में लाने के लिए एक व्यापक रणनीतिक राजनीति पर काम किया और यहां तक भावनात्मक मुद्दों का भी सहारा लिया, उसका साफ असर मतगणना और नतीजों पर दिखा। जाहिर है, लंबे समय के बाद अब पश्चिम बंगाल एक और सत्ता परिवर्तन का गवाह बन रहा है, जहां विचारधाराओं का सफर क्रमशः बदलता दिखा है। वहीं तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाले द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) को लेकर बहुत कम लोगों ने यह अंदाजा लगाया होगा कि चुनाव के परिणाम में उसकी स्थिति इस कदर खराब रहेगी। गौरतलब है कि फिल्मों की दुनिया से तमिलनाडु की राजनीति में आकर हाल के वर्षों में उभरे और अपने प्रशंसकों के बीच थलापति के नाम से मशहूर जोसेफ विजय ने अपने पहले ही चुनाव में राज्य की राजनीति में बीते कुछ सालों से एकछत्र राज करने वाले नेता एमके स्टालिन और उनकी पार्टी द्रमुक को करारी शिकस्त दी। अब तमिलनाडु द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द-गिर्द घूमने वाली राजनीति के समांतर एक नए दौर में प्रवेश कर गया है। इसके अलावा, असम में एक तरह से अपेक्षित नतीजे आए हैं, जहां भाजपा ने फिर से भारी जीत हासिल की है। यह तब भी संभव हुआ, जब राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के रुख को लेकर कई तरह के विवाद चुनाव प्रचार के केंद्र में रहे। इसी तरह, केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी के परिणामों के मुताबिक, वहां सत्तारूढ़ राजग गठबंधन ने एक बार फिर बहुमत हासिल कर अपनी सत्ता कायम रखी।

# गदरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया विजय उत्सव

गदरपुर (उद संवाददाता)। पश्चिम बंगाल, असम तथा पांडिचेरी के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत की खुशी में गदरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष सुरेश





खुराना के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और जीत का उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित कीं और एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, पार्टी की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर भरोसा जताया है, जिससे पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी और आने वाले समय में भी पार्टी इसी प्रकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री अजय बठला, अनिल जेटली,



अरविंद पाल, राजू शर्मा, सतीश छाबड़ा, निर्मल दास नारंग, कपिल गंडा, सागर गंडा, संतोष श्रीवास्तव, सचिन गुप्ता, मनोज कुमार मिंटू, अश्वनी कुमार, मोहन प्रधान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को जीत की शुभकामनाएं दीं और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। वही नगर पालिका परिषद गदरपुर के अध्यक्ष मनोज गुम्बर (मिंटू) के मंडी स्थित कार्यालय पर इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने कहा कि यह विजय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व, पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर अपना विश्वास जताया है, जो पार्टी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुम्बर, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, अजय बठला, सभासद सचिन गुप्ता, रमन छाबड़ा, अश्वनी कुमार, सभासद प्रतिनिधि चिंतन अरोरा, बलराज गुम्बर, कपिल गंडा, मनोज कश्यप, मनीष सेतिया, संतोष श्रीवास्तव, चन्द्रा जी, प्रियांशु गुप्ता, अक्षय दूमड़ा, विनोद कुमार, आकाश कोचर एवं कुनाल रस्तोगी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वैदिक मंत्रोच्चार और कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ गोल्ज्यू महोत्सव





चम्पावत। जनपद चम्पावत में आस्था, संस्कृति और परंपरा के प्रतीक 'गोल्ज्यू महोत्सव-2026' का शुभारम्भ आज भव्य कलश यात्रा के साथ विधिवत रूप से हुआ। महोत्सव के प्रथम दिवस पर गौरलचौड़ मैदान स्थित नगर पालिका कार्यालय से श्री गोल्ज्यू मंदिर तक पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा ने महोत्सव को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। यात्रा के दौरान कुमाऊं की प्रसिद्ध छोलिया नृत्य की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।श्री गोल्ज्यू महाराज मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव का शुभारम्भ किया गया।महोत्सव के शुभारम्भ पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान श्री गोल्ज्यू महाराज से राज्य की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए महोत्सव के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने श्री गोल्ज्यू मंदिर पहुंचकर वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा जनपद की समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने महोत्सव के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों एवं आयोजन समिति के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए।अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद भरत त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महोत्सव की समयावधि एवं कार्यक्रमों में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जाएगा। इसके लिए महोत्सव समिति के साथ समन्वय स्थापित कर निर्णय लिए जाएगा, ताकि आमजन की सुविधा सुनिश्चित की जा सके।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमा पांडे, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, मुकेश महाराना, हेमा जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, मुकेश कलखुड़िया, निर्मल महरा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, उपजिलाधिकारी विपिन पंत, नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल, शंकर पांडे, हिमेश कलखुड़िया, विकास शाह, कैलाश अधिकारी, सूरज प्रहरी, प्रेमा चिलकोटी, रोहित बिष्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती व मूर्ति अनावरण को लेकर तैयारियां तेज, बैठक में बनी रूपरेखा

नानकमत्ता। आगामी 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती एवं उनकी प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन को सफल बनाने के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।बैठक के दौरान क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, स्वाभिमान



और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं, इसलिए उनकी जयंती को पूरे उत्साह, सम्मान और गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से जिम्मेदारी के साथ अपनी-अपनी भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओंख्र जैसे जनसम्पर्क, मंच सज्जा, सुरक्षा, एवं अन्य जरूरी इंतजाम को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई, ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक और यादगार बन सके। इस अवसर पर प्रधान कुलविंदर सिंह पिंटू, जेल सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य विष्णु राणा, पूर्व प्रधान रामनरेश राणा, बलवीर सिंह, मुकेश राणा एवं नीरज राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का सैकड़ों रोगियो ने लिया लाभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एव हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 216 रोगियो को चिकित्सा परामर्श एव दवा एव जांच का लाभ लिया। कॉलेज के प्राचार्य एव चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय खुल्लर ने बताया कि शिविर का प्रारम्भ पाल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ अशोक पाल एव क्वींस पब्लिक कॉलेज के डायरेक्टर आर पी सिंह ने किया।। शिविर में रोगी जोड़ो के दर्द , शुगर एव ब्लड प्रेशर, स्किन रोग, पेट एव शेष सामान्य रोगियो को डॉ विनय खुल्लर, डॉ स्वाति भट्ट , डॉ महेंद्र बोरा , डॉ नेहा उपाध्या, डॉ कल्पना ,डॉ दीपाली डी एम एस डॉ स्वप्निल डॉ देवेश ने जाँच कर परामर्श दिया। डायरेक्टर डॉ अशोक पाल ने कहा जनहित में इस तरह के शिविर निरंतर लगाते रहेंगे। शिविर में निशुल्क मशीनों द्वारा नाड़ी नारीक्षण , प्रकृति परीक्षण , निशुल्क शुगर जांच, ई सी जी, बायोकेमेस्ट्री जांच एव पंचकर्मा आदि किया गया। शिविर में माइक्रो दिनेश सनवाल , दीपक बिस्ट , प्रधानाचार्य कविता कलकोटी निकिता संजीव, हेमा एवं सपना ने सहयोग किया।



# विद्यार्थियों को स्वरोजगार और स्टार्टअप के लिए किया प्रेरित

किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मन की वीणा स्वागत गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे सभागार को उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उद्यमिता विकास संस्थान भारत अहमदाबाद के उद्यमिता विशेषज्ञ डॉ रजत शर्मा रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्यमिता कौशल, सकारात्मक सोच और बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप अवसरों की पहचान करने की क्षमता युवाओं को आगे बढ़ाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार, जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने और नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव रत्तन ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत लगातार तीसरे वर्ष इस प्रकार का ओरिएंटेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह योजना युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़ने का



सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना से जुड़कर अपने नवाचारों को आगे बढ़ाएं।इस अवसर पर आईक्यूएसी एवं देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ प्रकाश चंद भट्ट ने योजना की रूपरेखा, उद्देश्य और उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए योजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिसके अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन शिविर, तीन दिवसीय आवासीय बूट कैंप और छह दिवसीय आवासीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि लिखित परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को ही अगले चरण में भाग लेने का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सहभागिता और समझ का मूल्यांकन करने के लिए लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई। शिविर में भाग लेने वाले सभी 90 विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ नरेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान महाविद्यालय की डॉ मनीषा पाण्डेय, लवली पाण्डेय, उपेन्द्र, आनंद सिंह रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर हिन्द देश के निवासी सभी जन एक हैं का सामूहिक गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# भैसियाछाना में बच्ची पर झपटा गुलदार, घायल

## मां व अन्य महिलाओं की दिलेरी से बची बालिका की जान

अल्मोड़ा। जनपद के भैसियाछाना क्षेत्र के बेलवाल गांव में अपनी मां व पड़ोस की अन्य महिलाओं के साथ घास काटने जंगल गई एक 12 साल की बच्ची पर घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया। बच्ची की मां व अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार बच्ची को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इस हमले में बालिका घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जानकारी के अनुसार, विकासखंड भैसियाछाना के अंतर्गत ग्राम सभा बेलवाल गांव में 12 वर्षीय बालिका पल्लवी जड़ौत अपनी मां के साथ घर के पास ही खेत में घास लेने गई थी। मां-बेटी अपने काम में मशगूल थे कि तभी झाड़ियों में घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक उस पर झपट्टा मार दिया। गुलदार ने पलक झपकते ही मासूम को अपने पंजों में कई जगह पर खरोच डाला।गुलदार ने बच्ची की गर्दन, हाथ और पीठ पर अपने तीखे पंजों से घाव कर दिए। पल्लवी की मां और वहां मौजूद अन्य महिलाओं ने हिम्मत नहीं हारी। महिलाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना शोर मचाना शुरू किया और दरांती व पत्थरों से गुलदार को ललकारा। भारी शोर-शराबा



सुनकर गुलदार सहम गया और बच्ची को लहूलुहान हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ।बालिका को आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौलछीना ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम बच्ची का प्राथमिक उपचार किया। घटना के बाद से बेलवाल गांव और आस-पास के क्षेत्रों में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग अब अपने बच्चों को घरों से बाहर भेजने में डर रहे हैं।इधर घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम हरकत में आई। धौलछीना अनुभाग के वन दरोगा रमेश चंद्र पांडे, बीट अधिकारी लक्ष्मण राम और कनारीछीना रेंज के वनबीट अधिकारी नंदाबल्लभ जोशी सहित फायर वाचक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पंजों के निशान और संघर्ष के साक्ष्यों का मुआयना किया। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।वहीं, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार अब आबादी के बेहद करीब आ चुके हैं और दिन-दहाड़े हमले कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि इस हिंसक गुलदार को पकड़ने के लिए तत्काल पिंजरा लगाया जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

# अप्राकृतिक रूप से फल पकाने और प्रतिबंधित रसायनों के प्रयोग करने पर खाद्य सुरक्षा टीम ने कसा शिकंजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को उपायुक्त खाद्य संरक्षा कुमांऊ मण्डल डा राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में मंडी समिति हल्द्वानी के अधिकारियों के साथ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान आम जनमानस को बेचे जा रहे फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों के प्रयोग एवं कृत्रिम रूप से पकाने वाले एजेंटों की जांच की गई।विशेष अभियान के तहत नवीन कृषि एवं फल सब्जी मंडी हल्द्वानी से थोक व फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से पपीते और केले के कुल 02 सर्विलांस नमूने जांच हेतु लिये गये, जिन्हें परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधितों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान एक खाद्य कारोबारकर्ता को केले पकाने हेतु राइपनिंग चौंबर का एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण न होने पर नोटिस जारी किया गया।निरीक्षण के दौरान समस्त फल और सब्जी आढ़तियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फलों को पकाने में कृत्रिम एजेंटों



का प्रयोग न करने तथा सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों का उपयोग न करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम ने कारोबारकर्ताओं को स्पष्ट किया कि फलों को पकाने में केवल स्वीकृत एथिलीन राइपनर का ही प्रयोग करें और किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग न किया जाए।खाद्य सुरक्षा विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे बाजार में पहले से कटे हुए फल व सब्जियां न खरीदें क्योंकि उनके दूषित होने की संभावना रहती है। साथ ही घर लाने पर फल-सब्जियों को भलीभांति धोने की सलाह दी गई है। अभियान दल में डा राजेन्द्र सिंह कठायत, सहायक आयुक्त अजब सिंह रावत, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह व मंडी समिति के प्रतिनिधि शामिल रहे। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

रामनगर (उद संवाददाता)। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा के पक्ष में रुझान आने के बाद रामनगर में जश्न का माहौल देखने को मिला। सोमवार को लखनपुर चुंगी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न राज्यों में पार्टी की ऐतिहासिक जीत को लेकर मिष्ठान वितरण किया। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान कर जो कमल खिलाने का काम किया है, उससे वहां अब गुंडाराज समाप्त होगा।देश के विभिन्न राज्यों में आए चुनावी रुझानों ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह भर दिया है। चुनावी नतीजों को लेकर कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई और जमकर आतिशबाजी की। भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने कहा कि भाजपा लगातार विभिन्न राज्यों में अपनी मजबूत पकड़ बना रही है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व उनकी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि



देश आज विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और जनता का भरोसा भाजपा पर लगातार बढ़ता जा रहा है।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में भी उत्तराखंड की जनता नया इतिहास रचेगी और भाजपा की सरकार बनाएगी। जश्न मनाने वालों में भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ पूरे क्षेत्र में विजय उत्सव मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाने का कार्य जारी रखेंगे।

# धूमधाम से निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

दिनेशपुर। मोतीपुर नंबर एक स्थित श्री कृष्ण मंदिर में आयोजित होने वाले अखंड महानाम संकीर्तन की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। मंदिर के स्वामी कृष्णानंद ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में निकली इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा मोतीपुर नंबर एक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से



होती हुई जाफरपुर मार्ग स्थित श्री हरि मंदिर तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और संकीर्तन के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे मार्ग में धार्मिक वातावरण बना रहा। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की, वहीं पुरुष और युवा भी भक्ति भाव से संकीर्तन करते हुए आगे बढ़े। इस अवसर पर पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने भी यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं तथा लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि अखंड महानाम संकीर्तन का आयोजन सात मई तक निरंतर चलेगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से आई कीर्तन मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आदित्य मल्लिक, प्रमोद बोरा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## पेज एक का शेष...

**डढ़ करोड़ के हाथी दांत...**से जुड़े थे और इसे ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे। हाथी दांत वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की पहली अनुसूची में शामिल है, जिसका व्यापार करना गैर-जमानती और गंभीर अपराध है। आरोपियों के विरुद्ध बराकोली रेंज में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसटीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने यह हाथी दांत कहाँ से प्राप्त किया और इस गिरोह के तार किन-किन सफेदपोशों या बड़े शिकारियों से जुड़े हैं। एसटीएफ की इस सफलता से वन्यजीव तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अब उन खरीदारों की भी तलाश कर रही है जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन अंगों की सप्लाई करते हैं। इस सफल ऑपरेशन में एसटीएफ कुमाऊं यूनिट और वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही, जिनकी सराहना एसएसपी एसटीएफ द्वारा की गई है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस गिरोह से जुड़े कुछ और बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

**फैक्टी में हादसा....** घटना के तुरंत बाद सहकर्मी श्रमिकों ने घायल को उपचार दिलाने के लिए सुपरवाइजर से गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि सुपरवाइजर ने इलाज की व्यवस्था कराने से इनकार कर दिया। इससे आक्रोशित श्रमिकों ने फैक्ट्री परिसर में प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। धरने के बावजूद जब प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो श्रमिकों ने आपस में चंदा एकत्र कर घायल को बरेली स्थित राम मूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के ही उनसे काम कराया जाता है और विरोध करने या आवाज उठाने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन हरकत में आया और घायल श्रमिक के उपचार का खर्च उठाने की बात कही है। हालांकि, इस घटना ने फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**बीएससी की छात्रा...**हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने साक्ष्य एकत्र किए। कोतवाल हेम चन्द्र पंत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ कर रही है, साथ ही छात्रा के मोबाइल और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। बताया जा रहा है कि छात्रा नैनीताल स्थित डीएसबी परिसर से बीएससी की पढ़ाई कर रही थी और पढ़ाई में मेधावी रही थी। प्रारंभिक जानकारी में उसके मानसिक तनाव में होने की बात भी सामने आई है, हालांकि पुलिस ने इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**भाकियू नेता के बेटे...**आरोपियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग की, जिससे बाजार में भगदड़ मच गई। यह पूरा घटनाक्रम पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।सूचना मिलते ही गंगनहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि दो पक्षों के बीच झगड़े और फायरिंग का मामला सामने आया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।उल्लेखनीय है कि रुड़की में एक दिन पहले भी सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के सोत मोहल्ले में गोलीबारी हुई थी, जिसमें पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। शहर में लगातार हो रही फायरिंग की घटनाओं ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है।

**हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक...** न्यायालय की अवमानना के दायरे में आते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने प्रथम दृष्टयाआरोपों को संज्ञान में लेते हुए 6 मई 2026 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला उस दिन सुबह 10:30 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर यह स्पष्ट करें कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। इसके अलावा, न्यायालय ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को निर्देशित किया है कि वह उक्त आदेश और सुनवाई की तिथि की सूचना संबंधित पूर्व विधायक तक तत्काल पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस मामले को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर भी पत्र वायरल होने के बाद चर्चा और तेज हो गई है। अब सभी की निगाहें 6 मई की सुनवाई पर टिकी हैं, जहां इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई तय होगी।

**अब आत्मनिर्भर बनेगी...**होता है। हालांकि, यह टेस्ट भी कई मामलों में विवादित रहा है। उधर, शासन स्तर पर राज्य के भीतर ही पॉलीग्राफ टेस्ट की फोरेंसिक लैब की स्थापना की मंजूरी मिलने के बाद एफएसएल डॉयरेक्टर डॉ। नीलेश आनंद भरणे के हवाले से बताया गया कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की ओर से पिछले साल इन दोनों टेस्ट के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें शासन ने पॉलीग्राफ टेस्ट की व्यवस्था करने की स्वीकृति दे दी गई है। इसलिए पेशेवर अपराधियों से सच उगलवाने के लिए पुलिस को अब दिल्ली व अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी होगी। इसके लिए अब जल्द ही प्रदेश में ही पॉलीग्राफ टेस्ट की व्यवस्था की कवायद आरंभ कर दी जाएगी।

**अतिक्रमण पर चला ...**पड़ती थी। ऐसे में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर जांच के आदेश

नैनीताल (उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड में वित्तीय अनियमितता और उत्पीड़न की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे ने ग्रामोत्थान रीप में तैनात कार्मिक उमेश भट्ट के विरुद्ध प्राप्त शिकायत पर तत्काल जांच के आदेश जारी किए हैं। शिकायतकर्ता शीतल बिष्ट द्वारा आरोप लगाया गया है कि संबंधित कार्मिक द्वारा वित्तीय अनियमितता के साथ साथ मानसिक उत्पीड़न किया गया और उनके विरुद्ध गलत आरोप लगाते हुए नियमों के विपरीत कार्य किए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी और जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को संयुक्त रूप से जांच अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत की जाए, ताकि रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


## सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी सर्विस बुक में मेरे पुत्र का नाम भुवन चन्द्र पाठक (Bhuvan Chandra Pathak) के स्थान पर भुवन चन्द्र पाठक (Bhuwan Chndra Pathak) हो गया है, जिसमें अंग्रेजी स्पेलिंग मिस्टेक है। मेरे पुत्र के नाम की सही स्पेलिंग Bhuvan Chandra Pathak है जो कि हाईस्कूल के शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में भी अंकित है।

देवकी नंदन पाठक पुत्र दुर्गादत्त
रूद्रपुर,ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## सार्वजनिक सूचना

पारिवारिक न्यायालय संख्या- 2, श्रीगंगानगर के आदेशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाद संख्या CM/192/2025 शीर्षक सूरजीत सिंह बनाम मीनू कौर न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त वाद, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(1)(i-a) के अंतर्गत विवाह विच्छेद (तलाक) हेतु प्रस्तुत किया गया है। वादी द्वारा न्यायालय में यह प्रार्थना की गई है कि वादी एवं प्रतिवादी के मध्य दिनांक 19-03-2012 को संपन्न विवाह को प्रतिवादी द्वारा की गई क्रूरता एवं अकारण परित्याग के आधार पर विच्छेद किया जाए।

प्रतिवादी मीनू कौर (पत्नी सूरजीत सिंह), निवासी-सरदार कॉलोनी, गुरुद्वारा के पास, सेक्टर-23, रोहिणी, नई दिल्ली, हाल निवासी संतोख सिंह सेवादार, गुरुद्वारा काशीपुर -जनपद उधमसिंह नगर, उत्तराखंड (काशीपुर -244713) को इस माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 15 मई 2026 को प्रातः 07:30 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उक्त वाद के विरुद्ध अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा, नियत तिथि पर उपस्थित न होने की स्थिति में न्यायालय द्वारा वाद की एकपक्षीय सुनवाई (Ex-Parte) कर निर्णय पारित किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रतिवादी की होगी।

यह सूचना न्यायालय के आदेशानुसार प्रकाशित की जा रही है।

जारीकर्ता:
**न्यायालय कार्यालय**
पारिवारिक न्यायालय संख्या-2, श्रीगंगानगर (राजस्थान)
दिनांक: 20 अप्रैल 2026



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

**स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित**

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से घास लेने जा रही दो महिलाओं की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के बैलपड़ाव क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां एक अनियंत्रित कार ने पैदल जा रही दो महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार संख्या यूके 19बी 8791 ने गैबुआ के पास स्थित फूड क्रिस्टल होटल के समीप सड़क किनारे पैदल जा रही महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया।बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं सुबह घास लेने के लिए जा रही थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक महिलाओं की पहचान 55 वर्षीय कमला देवी पत्नी शिवराज सिंह और 55 वर्षीय पुष्पा देवी पत्नी केवलानंद भट्ट निवासी पत्तापनी बैलपड़ाव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय निवासी दयाल सिंह पन्नू ने बताया कि कार गलत दिशा से आ रही थी और सीधे महिलाओं से जा टकराई।हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टर हर्ष ने बताया कि दोनों महिलाएं अस्पताल लाने से पहले ही दम तोड़ चुकी थीं। परिजनों के अनुसार कमला देवी के परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है जबकि पुष्पा देवी की चार बेटियां हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से फरार चालक को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# देवखड़ी नाले में तीन चेक डैम बनाने और कल्सिया और रकसिया के चौनेलाइजेशन के दिए निर्देश

## मानसून पूर्व तीन नालों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

हल्द्वानी( उद संवाददाता)।आगामी मानसून के दृष्टिगत सुरक्षात्मक तैयारियों को लेकर आज देवखड़ी, कल्सिया और रकसिया नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता और जिला खान अधिकारी सहित खनन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। टीम द्वारा तीनों नालों का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया और बाढ़ सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि देवखड़ी नाले के शुरुआती स्थान पर ही तीन अलग अलग स्थानों पर चेक डैम बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही नाले का चौनेलाइजेशन किया जाना भी जरूरी है ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। चूंकि यह नाला इन स्थानों पर वन प्रभाग रामनगर के अंतर्गत आता है, इसलिए संबंधित वन प्रभाग और सिंचाई विभाग को इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।इसके अतिरिक्त राजस्व भूमि के अंतर्गत आने वाले रकसिया नाले में रिवर ड्रेजिंग नीति के तहत प्रक्रिया गतिमान है, जिससे मानसून से पूर्व सिल्ट की सफाई सुनिश्चित की जा सके। वहीं कल्सिया नाले के सुदृढ़ीकरण हेतु भी सिंचाई विभाग और वन विभाग को आपसी समन्वय के साथ चौनेलाइजेशन का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मानसून आने से पूर्व इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाएगा ताकि आपदा की स्थिति में जान माल के नुकसान को रोका जा सके। इस दौरान संबंधित विभागों के अधीनस्थ कर्मचारी और स्थानीय राजस्व निरीक्षक भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# युवक पर झोंका फायर, बाल-बाल बची जान

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर फायर झोंकने का मामला सामने आया है। गनीमत रही कि निशाना चूकने से युवक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एक किशोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ है।जानकारी के अनुसार, भदईपुरा निवासी नीरज त्यागी (21) ने बताया कि होली के दौरान उसका इलाके के कुछ युवकों से विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते रविवार देर रात जब वह अपने दोस्तों के साथ टहलने निकला, तभी आरोपियों ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। हालांकि गोली का निशाना चूक गया, जिससे उसकी जान बच गई।घटना के बाद पुलिस को 112 पर सूचना दी गई, लेकिन तत्काल पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी। सोमवार दोपहर जब नीरज कंपनी से घर लौट रहा था, तभी शनि मंदिर के पास एक किशोर (करीब 15 वर्ष) ने उस पर दोबारा तमंचा तान दिया। इसी दौरान नीरज के साथियों ने तत्परता दिखाते हुए किशोर का हाथ पकड़ लिया और उसे काबू कर लिया।पकड़े गए किशोर को उसके साथी घर ले गए और बाद में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएसआई अनिल जोशी मौके पर पहुंचे और किशोर को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से तमंचा बरामद कर लिया।एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी ने बताया कि युवकों के बीच पहले से विवाद चल रहा था, जिसके चलते फायरिंग की घटना हुई। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।



# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से कर्ज के पैसे देने के बहाने कमरे में ले जाकर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार, रुद्रपुर निवासी महिला ने तहरीर में बताया था कि 29 अप्रैल को उनके पति किसी शादी समारोह में शहर से बाहर गए थे। दोपहर एक बजे उनकी 14 वर्षीय बेटी बाजार के लिए घर से निकली थी। जबकि वह घर में सो गई। उसने बताया जब उसकी नींद खुली और बेटी घर पर नहीं मिली तो उसकी खोजबीन शुरू की। स्थानीय बच्चों से पता चला कि उनकी बेटी ट्रांजिट कैंप के रहने वाले विजय चंद्रा के कमरे की ओर गई है। वह उसके कमरे में पहुंची तो वहां पर उसकी बेटी रो रही थी और विजय वहां से भाग गया था। नाबालिग ने बताया कि आरोपी ने उसे परिवार के दिए उधार के पैसे वापस करने के लिए कमरे पर बुलाया था। जब वहां पहुंची तो उसे कमरे के अंदर खींच लिया और उससे दुष्कर्म किया। कोतवाली पुलिस ने विजय के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में प्राथमिकी कर जांच शुरू की और उसकी तलाश के लिए टीम का गठन किया। सोमवार को पुलिस ने फरार आरोपी विजय चंद्रा शिवनगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश कर दिया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



# नितिन चरन वाल्मीकि ने संभाला कार्यभार

किच्छा। भाजपा सफाई कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता नितिन चरन वाल्मीकि ने आज उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त सदस्य के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है। देहरादून स्थित आयोग कार्यालय पहुँचने पर नवनियुक्त सदस्य का भव्य स्वागत किया गया, जिसके पश्चात उन्होंने पद एवं गोपनीयता की मर्यादा के साथ अपनी जिम्मेदारियों को संभाला।आयोग के कार्यालय पहुँचने पर आयोग के सचिव मनीष कुमार ने नितिन चरन वाल्मीकि का स्वागत किया और उन्हें आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे आयोग में पद पर बने रहते हुए उत्तराखंड के समस्त सफाई कर्मचारी के हितों में जो भी रुकावटें आ रही हैं उनके समाधान हेतु कार्य करते रहेंगे तथा सरकार एवं कर्मचारियों के बीच सामंजस्य से बैठ कर हर क्षेत्र में विकास कार्य को संपादित करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना, आयोग सदस्य हर्ष रत्नाकर सहित कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर नए सदस्य का अभिनंदन किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात मीडिया से मुखातिब होते हुए नितिन चरन वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा सरकार ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ मुझे राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का सदस्य नामित किया है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूँगा। मेरी प्राथमिकता सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने आगे जोर देते हुए कहा कि वह अपनी पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कर्मचारी हित में कार्य करेंगे। सफाई कर्मचारियों के सामाजिक, आर्थिक और कार्यस्थल से जुड़े मुद्दों को आयोग के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा ताकि उन्हें न्याय और सम्मान मिल सके।इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरन, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, प्रदेश सचिव अमित कुमार, विशाल विरला, प्रियंका वाल्मीकि,अमर बेनीवाल, गुरप्रीत सिंह, ईशा सूद,संदीप धानुक,सचिन चरन, अरुण कुमार, विवेक चरन, अंकित कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



# सार्थक जैन ने कैडेट नेशनल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ी सार्थक जैन ने 21वीं कैडेट नेशनल चैंपियनशिप 2026 27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। सार्थक ने अंडर 14 वर्ग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर अपने शहर रुद्रपुर और उत्तराखंड प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत से खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सार्थक जैन की इस शानदार उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर यह मुकाम हासिल किया। सार्थक की इस सफलता पर उनके परिवार, कोच और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिजनों ने बताया कि सार्थक बचपन से ही खेल के प्रति बेहद गंभीर रहे हैं और वह आगे भी इसी लगन व मेहनत के साथ खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए स्थानीय खेल संघों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें सम्मानित करने की बात कही है। सार्थक की जीत अन्य उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है।




